# बिहार विधान परिषद

(199वां शीतकालीन सत्र)

## 30 नवंबर, 2021

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 15**

----

### कानून की परिधि

*1 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि लोकजीवन के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार का संवैधानिक दायित्व है और इसी सिद्धांत के तहत सूबे में 'हर घर नल का जल' जैसी महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि सूबे में बड़ी संख्या में जल उपचार संयंत्र (Reverse Osmosis Plant) द्वारा शोधित/उपचारित जल की बिक्री खुले रूप से भी की जा रही है जिसकी शुद्धता की जांच हेतु सुरक्षा-मानक गौण है और सरकारी स्तर पर भी इसका प्रचार-प्रसार नहीं किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकहित में जल-जीवन के सिद्धांत के तहत आर. ओ. संयंत्र द्वारा उपचारित पेयजल को कानून की परिधि में लाने का विचार रखती है, यदि हां तो कैसे, नहीं तो क्यों?

----

### जांच केन्द्र स्थापित

*2 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में केमिकल युक्त मिठाई एवं मशाला के व्यापक निर्माण, वितरण एवं खरीद-बिक्री के कारण लोक स्वास्थ्य की भारी क्षति हो रही है और खासकर किशोरों के कोमल आंतों पर बहुत खराब असर पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि पर्व-त्योहारों के अवसरों पर मिठाई एवं मशाला की मांग काफी बढ़ जाती है, जिसकी पूर्ति के लिये मुनाफाखोर अधिक मिलावट करने लगते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग के द्वारा मिलावटी मिठाई एवं मशाला की जांच समय पर नहीं होने से मुनाफाखोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिठाई एवं मशाला में हो रही मिलावट को रोकने के लिए प्रत्येक जिला में जांच केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## शीघ्र रिपोर्ट देने की वयवस्था

*3 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) पटना में कई किलोमीटर दूर से सफर तय कर आने वाले मरीजों को भी जरूरत के अनुसार अल्ट्रासाउण्ड कराने की तारीख नहीं मिल पा रही है, अगर कोई मरीज पेट में दर्द की शिकायत लेकर IGIMS पटना में आता है और उसे अल्ट्रासाउण्ड कराने की जरूरत पड़ती है, तो उन्हें अगले दो से तीन महीने का समय दिया जाता है, जिस कारण मजबूरी में मरीजों को बाहर से अल्ट्रासाउण्ड कराना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है ठीक इसी तरह की स्थिति एक्स-रे एवं एम.आर.आई. जांच में भी है और सबसे ज्यादा परेशान गर्भवती महिलाओं एवं पेट रोग से संबंधित मरीजों को होती है, गर्भवती महिलाएं जिनको तुरंत अल्ट्रासाउण्ड की जरूरत होती है, उनको भी रेडियोलॉजी विभाग में भी वेटिंग डेट दी जा रही है, साथ ही अल्ट्रासाउण्ड कराने के बाद भी मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए भी 12 से 15 दिनों के बाद बुलाया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार IGIMS में अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे एवं एम.आर.आई. जांच कराने एवं शीघ्र रिपोर्ट देने की वयवस्था कराने का विचार रखती है?

----

## पदस्थापन शीघ्र

*4 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एकतारा, स्वास्थ्य उप केन्द्र, परजुआर का भवन एवं चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण आम लोग सुविधा से वंचित हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एकतारा, स्वास्थ्य उप केन्द्र, परजुआर के भवन का निर्माण एवं चिकित्सकों का पदस्थापन शीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र की व्यवस्था

*5 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला के नगर परिषद् में बैदराबाद गांव की आबादी पच्चीस हजार के करीब है परंतु एक भी स्वास्थ्य केंद्र नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बैदराबाद गांव में जनहित के दृष्टिकोण से एक स्वास्थ्य उपकेंद्र खोलेगी, नहीं तो क्यों?

----

## इथेनॉल का उत्पादन

*6 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार को देश का प्रथम राज्य होने का गौरव प्राप्त है जहां इथेनॉल प्रोत्साहन नीति लागू किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि ई-20 रोडमैप के तहत राज्य सरकार का प्रतिवर्ष कितना इथेनॉल उत्पादन का लक्ष्य है तथा इसके लिए सरकार ने कौन- सी चरणबद्ध योजना तैयार की है?

----

## रोस्टर बनाने का आदेश

*7 **श्री मो. कमर आलम (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि I.G.I.M.S. में 6(छः) परफ्यूजनिस्ट की नियुक्ति AIIMS, New Delhi के गाइडलाइन के अनुसार हुआ है जिनका कार्य सर्जरी के दौरान हर्ट, लंग्स मशीन आदि का संचालन करना है;

(ख) क्या यह सही है कि 6 परफ्यूजनिस्टों में से सिर्फ 02(दो) से ही विगत 4 (चार) महीनों से लगातार O.T.(ऑपरेशन थियेटर) में कार्य लिया जा रहा है शेष 4 को सुबह, दोपहर एवं रात्रि पालि में अन्य कार्य लिया जा रहा है जो न्यायोचित ड्यूटी रोस्टर नहीं है, ड्यूटी रोस्टर भेदभाव पूर्ण बनाया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस महत्वूपर्ण पद पर कार्यरत सभी 6(छः) परफ्यूजनिस्टों से समान कार्य लेने हेतु अस्पताल प्रबंधन को न्यायोचित ड्यूटी रोस्टर बनाने का आदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चयन की प्रक्रिया

*8 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री युवा, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु.जाति/जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना के तहत कितने आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से स्क्रूटनी के पश्चात कितना आवेदन योग्य पाया गया;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्क्रूटनी के उपरांत योग्य आवेदन के चयन की प्रक्रिया क्या होगी, यह चयन प्रक्रिया कबतक पूरी की जाएगी;

(ग) क्या यह सही है कि जितने आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं, उसके अस्वीकृति के कारण के संबंध में आवेदकों को सूचित किया गया है या नहीं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त चयन प्रक्रिया पूरा करने जा रही है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## रिक्त पदों पर नियुक्ति

*9 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि आई.जी.आई.एम.एस., पटना में एडवान्स कार्डिक सेंटर में तीन मॉडयूलर ऑपरेशन थियेटर की स्थापना की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पत्रांक- 686 (1), दिनांक- 26.06.2018 के द्वारा सी.टी.वी.एस. विभाग के लिए प्राध्यापक का 02(दो) पद स्वीकृत किया गया था जो आज तक रिक्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों के हित में तीन मॉडयूलर ऑपरेशन थियेटर को सुचारु रूप से चलाने के लिए सी.टी.सी.एस. विभाग के प्राध्यापक के 02(दो) रिक्त पदों पर नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## न्यायालय प्रारम्भ कबतक

*10 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि 1992 में अनुमंडल न्यायालय, रक्सौल संचालन हेतु अधिसूचना हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि आज तक रक्सौल में मात्र कार्यपालिका सम्बन्धी न्यायालय ही चलता है;

(ग) क्या यह सही है कि 'अनुमण्डल न्यायालय रक्सौल स्थित मोतिहारी' के रूप में मोतिहारी में ही चलता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो रक्सौल में अनुमंडल न्यायालय कब से प्रारंभ होगा?

----

## बेरोजगार युवकों को अनुदान

*11 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा चीनी मिल के बंद हो जाने से इस वर्ष (2021) को खेतों में लगे 20 लाख क्विंटल गन्ने की बर्बादी होने जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पिछले वर्ष 2020 में जिन चीनी मिलों को रीगा चीनी मिल क्षेत्र का गन्ना आवंटित किया गया था, उस गन्ने की खरीददारी विचौलिया के माध्यम से औने-पौने दाम में हुई थी, जिस कारण इस वर्ष उन मिलों को किसान गन्ना नहीं देना चाहते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि किसानों के हित में सरकार गुड़ उद्योग को प्रोत्साहित करने की योजना तैयार कर रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विशेष परिस्थिति में रीगा चीनी मिल क्षेत्र के गन्ना उत्पादक संघ, किसान समूह, बेरोजगार युवकों को अनुदान और कर्ज दिलाकर इस क्षेत्र में गन्ना उद्योग बैठाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----

## विद्युत तार का नवीकरण

*12 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड- सोनवर्षा, पंचायत- पुरनदाहा राजवाड़ा पश्चिमी, ग्राम- चक्की से मयुरवा के बीच बिजली का 11 हजार तार की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम- चक्की से मयुरवा के बीच बिजली का 11 हजार तार की स्थिति जर्जर होने के कारण बार-बार तार टूट कर किसानों के खेतों में गिर जाता है, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों के साथ हमेशा दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित को देखते हुए सीतामढ़ी जिला प्रखण्ड– सोनवर्षा, पंचायत- पुरनदाहा राजवाड़ा पश्चिमी, ग्राम- चक्की से मयुरवा के बीच बिजली की तार का नवीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र बनाने पर विचार

*13 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के कपसिया पंचायत

एवं ढंगा पंचायत के चम्पा गांव में नया स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु दूर के गांव में जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखण्ड के कपसिया पंचायत एवं ढंगा पंचायत के चम्पा गांव में नया स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की स्वीकृति देना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

***14 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती शैल कुमारी देवी, पति- रामजीतन प्रसाद, ग्राम- भूलौनी, पो.- सेमरियां, थाना- नौतन, जिला- सिवान का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, फुलवारी शरीफ, पटना में दिनांक- 25.05.2021 को कोविड- 19 जांचोपरान्त कोरोना पॉजीटिव पाई गई, जिसका प्रमाण-पत्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, फुलवारी शरीफ, पटना के द्वारा दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित रोगी की मृत्यु दिनांक- 27.05.2021 को एम्स, फुलवारी शरीफ, पटना में चिकित्सा के दरम्यान हो गयी;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल के सभी चिकित्सीय प्रमाण पत्र निर्गत करने के बावजूद मृत रोगी के लाभुकों को मुख्यमंत्री राहत कोष की राशि 4,00,000/- (चार लाख) रुपये सिविल सर्जन, सिवान द्वारा अभी तक भुगतान हेतु अग्रतर कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त रोगी की एंटीजन जांच पॉजीटिव पाई गई उसी समय पोर्टल के सर्वर के काम नहीं करने के चलते साइट पर नहीं गया, सिर्फ कोविड- 19 प्रमाण पत्र ही निर्गत किया गया;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीडि़त लाभुकों को एम्स द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर यथाशीघ्र राशि भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का जीर्णोद्धार

***15 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड- बाजपट्टी, पंचायत + गांव – हुमायूंपुर में स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति वर्षों से अत्यंत ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के लिए प्रखण्ड मुख्यालय जाना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड – बाजपट्टी, पंयायत + गांव – हुमायूंपुर में स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----